नवभारत टाइम्स

Copyright © 2014 Bennett Coleman & Co. Ltd. All rights reserved.

रिलायंस कैपिटल NCD से ₹2,000 करोड़ जुटाएगी

बिजनेस डेस्क: रिलायंस कैपिटल ने नॉन कन्वर्टिबल डिबेंचर्स (NCD) के प्राइवेट प्लेसमेंट से 2,000 करोड़ रुपये की रकम जुटाई है। कंपनी इस रकम का इस्तेमाल लेंडिंग बिजनेस को बढ़ाने और मौजूदा कर्ज के रीफाइनेंस में करेगी। इश्यू साइज 1,000 करोड़ रुपये का था। इसमें 1,000 करोड़ रुपये तक ओवरसब्सक्रिप्शन रखने का ऑप्शन था जो कुल 2,000 करोड़ रुपये तक के शेल्फ लिमिट का था। इश्यू पूरी तरह सब्सक्राइब्ड हुआ था। यह बीएसई पर भी लिस्ट होगा। रिलायंस कैपिटल के ईडी और ग्रुप सीईओ सैम घोष ने एक बयान में कहा, 'फंड्स का इस्तेमाल लेंडिंग बिजनेस को बढ़ाने और अपने मौजूदा कर्ज के रीफाइनेंस में किया जाएगा।'